# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 19.11.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

◆ **अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन द्वारा पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के साथ पुलिस लाइन सभागार कक्ष के सौन्दर्यीकरण का लोकार्पण किया गया।**

**आज दिनांक 19.11.2025 को श्री मुथा अशोक जैन, अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा डॉ अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के साथ पुलिस लाइन सभागार कक्ष के जीर्णोधार का फीता काटकर उद्घाटन किया गया । इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारीगण, प्रतिसार निरीक्षक लाइन सहित अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहें।**

# प्रेस नोट दिनांक 19-11-2025 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆श्री मुथा अशोक जैन, अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा जनपद सिद्धार्थनगर के रिज़र्व पुलिस लाइन का वार्षिक निरीक्षण किया गया।**

**◆निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक के साथ रिक्रूट आरक्षियों को दिये जा रहे प्रशिक्षण जैसे-इनडोर, आउटडोर, शस्त्र प्रशिक्षण आदि के सम्बन्ध में जानकारी किया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।**

आज दिनांक 19.11.2025 को श्री मुथा अशोक जैन, अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा रिज़र्व पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर का वार्षिक निरीक्षण के दौरान रिजर्व पुलिस लाइन के विभिन्न शाखाओं/मदों का निरीक्षण किया गया, जिसमें आदेश कक्ष, स्टोर, कैश कार्यालय, भोजनालय, केन्द्रीय पुलिस कैंटीन, आरक्षी/आर0टी0सी0 बैरक, शस्त्रागार, परिवहन शाखा व यातायात कार्यालय, आवासीय परिसर, जिला प्रशिक्षण केन्द्र आदि का निरीक्षण किया गया तथा निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा प्रतिसार निरीक्षक लाइन को साफ-सफाई व पत्रावलियों के उचित रख-रखाव हेतु विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया । तत्पश्चात महोदय द्वारा पुलिस अधीक्षक के साथ रिक्रूट आरक्षियों को दिये जा प्रशिक्षण जैसे-इनडोर, आउटडोर, शस्त्र प्रशिक्षण आदि का निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । उक्त निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारीगण, प्रतिसार निरीक्षक एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण आदि मौजूद रहे।

**प्रेस नोट दिनांक 19-11-2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆श्री मुथा अशोक जैन, अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा पुलिस कार्यालय जनपद सिद्धार्थनगर का वार्षिक निरीक्षण किया गया।**

**◆सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश।**

आज दिनांक 19.11.2025 को श्री मुथा अशोक जैन, अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर महोदय द्वारा डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के साथ पुलिस कार्यालय सिद्धार्थनगर के प्रधान लिपिक शाखा, महिला एंव बाल सुरक्षा संगठन, रिकार्ड रूम, आंकिक शाखा, विशेष जाँच प्रकोष्ठ, जनशिकायत प्रकोष्ठ इत्यादि का वार्षिक निरीक्षण कर शाखाओं के अभिलेखों की जाँच महोदय द्वारा किया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिय़े गये। उक्त निरीक्षण के दौरान सुजीत कुमार राय क्षेत्राधिकारी बांसी, राजकुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी कार्यालय, विश्वजीत सौरयान, क्षेत्राधिकारी सदर/लाइन, पीआरओ0 पुलिस अधीक्षक एवं समस्त शाखा प्रभारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# प्रेस नोट दिनांक 19-11-2025 जनपद सिद्धार्थनगर।

- **श्री मुथा अशोक जैन, अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा, पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र, बस्ती तथा पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर की उपस्थिति में अपराध गोष्ठी की गयी।**
- **अपराध गोष्ठी में अपराधों की समीक्षा, अपराध रोकथाम, कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के दृष्टिगत जनपद के समस्त राजपत्रित/थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।**

आज दिनांक 19.11.2025 को श्री मुथा अशोक जैन, अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर, जोन गोरखपुर द्वारा श्री संजीव त्यागी पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र, बस्ती व डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के साथ पुलिस लाइन सभागार कक्ष में जनपद की कानून-व्यवस्था की समीक्षा की गयी। समस्त थाना प्रभारी गोष्ठी में शामिल हुए। गोष्ठी के प्रारंभ में सभी थाना प्रभारियों को अपने अधीनस्थों से प्रतिदिन वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुनकर निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया। गोष्ठी में अपराध, महिला उत्पीड़न, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधी अपराध व निरोधात्मक कार्यवाही की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

एडीजी महोदय द्वारा उक्त गोष्ठी में निम्न बिंदुओं पर विशेष चर्चा की गई- मिशन शक्ति के तहत चालाये जा रहे जागरुकता अभियान व बहू बेटी सम्मेलन की समीक्षा, कच्ची शराब का निष्कर्षण एवं विक्री करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही, मुकदमों में नामित अपराधियों, अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों व असामाजिक तत्वों को पूर्व में चिन्हित कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही तथा वांछित/ इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी, लंबित विवेचनाओं का निस्तारण, थाने में आने वाले आगंतुक/पीड़ित/फरियादियों से सहानुभूति व सम्मान पूर्वक व्यवहार करने तथा उनकी समस्या/शिकायत को सुनकर यथाशीघ्र विधिक निस्तारण करने हेतु निर्देश दिए गए। महिला संबंधी अपराधों व पॉक्सो एक्ट के मामलों में त्वरित व सशक्त करवाई तथा पैरवी कराकर सजा दिलाने, भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा, संवेदनशील व कम्युनल एरिया में निरंतर फूट पेट्रोलिंग, भूमि विवाद संबंधित प्रकरणों में थाना दिवस पर राजस्व विभाग से समन्वय स्थापित कर मामलों का शीघ्र निस्तारण करें, वाहन चोरी/नकबजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाने, बैंक/ग्राहक सेवा केंद्र/ पेट्रोल पंप व अन्य वित्तीय संस्थानों के सुरक्षा के दृष्टिगत संबंधित शाखा प्रबंधकों से समन्वय स्थापित कर सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएं। होटल, धर्मशाला, ढाबा, सर्राफा बाजार के आसपास लगे हुए कैमरो की निगरानी एवं चेकिंग लगातार करते हुए मुख्य मार्गों पर पैदल गश्त बढ़ाने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिये गये। महोदय द्वारा बॉर्डर क्षेत्र में ड्रोन से चेकिंग व पेट्रोलिंग, इंटेलिजेंस विभाग के साथ-साथ अभिसूचना विभाग को भी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए हर कार्रवाई पर नजर रखने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सहित जनपद के क्षेत्राधिकारीगण व थाना प्रभारीगण, पुलिस कार्यालय एवं अन्य शाखाओं के संबंधित सभी प्रभारीगण उपस्थित रहे।

# प्रेस नोट दिनांक 19-11-2025 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆श्री मुथा अशोक जैन, अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा, पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र, बस्ती तथा पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर की उपस्थिति में थाना बांसी का वार्षिक निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।**

**◆ग्राम प्रहरीगण को कम्बल व टार्च वितरण किया गया।**

**आज दिनांक 19.11.2025 को श्री मुथा अशोक जैन, अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर, जोन गोरखपुर द्वारा श्री संजीव त्यागी पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र, बस्ती व डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के साथ थाना बांसी के थाना भवन, मिशन शक्ति केन्द्र, शस्त्रागार, बैरक, भोजनालय, थाने में लगे सीसीटीवी कैमरे, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्पडेस्क व साइबर हेल्प डेस्क, महिला एवं पुरूष हवालात, थाना परिसर, अभिलेखो आदि का निरीक्षण किया गया। महोदय द्वारा थाने के अपराध रजिस्टर, मिशन शक्ति के तहत चलाये जा रहे जागरुकता अभियान व अन्य रजिस्टरों की जांच की गयी तथा थाने के टॉप-10 अपराधियों के बारे में जानकारी कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात महोदय द्वारा ग्राम प्रहरीगण से वार्ता की गयी तथा उनको कम्बल व टार्च का वितरण किया गया। उक्त निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, क्षेत्राधिकारी बांसी, क्षेत्राधिकारी सदर, प्रभारी निरीक्षक बांसी, वाचक पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर एवं थाने पर नियुक्त अन्य अधि0/कर्मचारीगण आदि मौजूद रहे।**

## प्रेस नोट दिनांक 19-11-2025 जनपद सिद्धार्थनगर।

### ◆श्री मुथा अशोक जैन, अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा, पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र, बस्ती तथा पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर की उपस्थिति में कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत जनप्रतिनिधियों से भेंट वार्ता किया गया।

आज दिनांक 19.11.2025 को श्री मुथा अशोक जैन, अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर, जोन गोरखपुर द्वारा श्री संजीव त्यागी पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र, बस्ती व डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के साथ पुलिस लाइन सभागार कक्ष में जनपद के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य कानून-व्यवस्था की स्थिति को और सुदृढ़ करने, पुलिस-जन सहयोग को बढ़ावा देने तथा क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं एवं अपेक्षाओं को समझना था। बैठक के दौरान अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर, जोन गोरखपुर ने कहा कि पुलिस का प्राथमिक लक्ष्य आम नागरिकों की सुरक्षा एवं न्याय सुनिश्चित करना है। जनप्रतिनिधियों का सहयोग पारदर्शिता, त्वरित कार्रवाई तथा जनविश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा, यातायात व्यवस्था एवं संवेदनशील स्थानों की निगरानी को लेकर पुलिस द्वारा निरंतर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र की स्थानीय समस्याओं, आवश्यक पुलिस उपायों तथा जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं को अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर, जोन गोरखपुर के समक्ष रखा। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर, जोन गोरखपुर ने सभी सुझावों पर गंभीरता से विचार कर त्वरित एवं सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर, जोन गोरखपुर ने सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों का सहयोग हेतु आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनसहयोग से ही पुलिस व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सकता है तथा इसी दिशा में पुलिस प्रशासन प्रतिबद्ध है।

**प्रेस नोट दिनांक 19.11.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

◆महिला सशक्तिकरण के क्रम में मिशन शक्ति केंद्र स्थापना के उपरांत नारी सुरक्षा एंव स्वालंबन बहू बेटी सम्मेलन के तहत थाना शोहरतगढ़ मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम महमूदवा ग्रांट की महिलाओं को महिला के प्रति होने वाले अपराध, गुड टच तथा बैड टच के प्रति आत्मनिर्भर, हेल्पलाइन नम्बरो के बारे मे जानकारी देकर मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया।

डॉ अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 17/11/2025 प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ नवीन कुमार सिंह थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के ग्राम महमूदवा ग्रांट में बहू बेटी सम्मेलन लगाकर महिलाओं को जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी दहेज उत्पीड़न पॉक्सो एक्ट महिला संबन्धित मुकदमों में पीड़िताओं की काउंसलिंग की गई तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज  करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर  नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

थाना शोहरतगढ़ मिशन शक्ति टीम का विवरण—
01.उ0नि0 राजकुमार यादव थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।
02.मुख्य आरक्षी अविनाश सिंह थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।
03.आरक्षी पवन मौर्या थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।
04.महिला आरक्षी उर्मिला देवी, मंजू सरोज थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।

**प्रेस नोट दिनांक 19.11.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, बेटी, बहू सम्मेलन एंटी रोमियो व शक्ति दीदी अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में थाना लोटन मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम महदेइया की महिलाओं एवं बालिकाओं को पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया।**

डॉ अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में "महिला सशक्तिकरण ,एंटी रोमियो व बेटी बहू सम्मेलन व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व विश्वजीत शौर्य क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 19/11/2025 को थानाध्यक्ष श्री दिनेश कुमार सरोज थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन में ग्राम महदेइया थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर में जाकर महिलाओं व बालिकाओ को शक्ति दीदी के तहत महिलाओं को जागरूकता अभियान के तहत जागरूक किया गया, महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन नंबर 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन आदि के सम्बन्ध में जानकारी देकर पम्पलेट वितरित किया गया।

**थाना लोटन मिशन शक्ति टीम का विवरण----**

01.मुख्य आरक्षी संजय गुप्ता थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर।

02.म0का0 पूजा वर्मा थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर।

**प्रेस नोट दिनांक 19.11.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, बेटी, बहू सम्मेलन एंटी रोमियो व शक्ति दीदी अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में थाना जोगिया उदयपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम मनोहरी में चौपाल लगाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 19/11/2025 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में, सुजीत कुमार राय क्षेत्राधिकारी बांसी के निर्देशन में, मीरा चौहान थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर के कुशल नेतृत्व में जोगिया उदयपुर मिशन शक्ति टीम उ0नि0 कपिलमुनि यादव, उ0नि0 आनंद शाही, का0 प्रदीप उपाध्याय, म0का0 किरन बेदी, म0का0 स्वेता यादव द्वारा महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत थाना क्षेत्र जोगिया उदयपुर के ग्राम मनोहरी में महिलाओं (बहुओं) को एकत्रित कर चौपाल लगाकर बालिकाओं/महिलाओं नए कानून के बारे मे बताते हुये मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया व महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन नंबर 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन आदि के सम्बन्ध में जानकारी देकर पम्पलेट वितरित किया गया।**

**प्रेस नोट दिनांक 19.11.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆यातायात पुलिस प्रभारी अमरेश कुमार मय टीम द्वारा विशेष अभियान चलाकर वाहनो पर रिफ्लेक्टर टेप लगाया गया तथा यातायात नियमों एव सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया।**

**आज दिनांक 19.11.2025 को पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर डा० अभिषेक महाजन के आदेश के अनुपालन के क्रम में ,अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर श्री प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन मे,सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी यातायात श्री राज कुमार सिंह के कुशल पर्यवेक्षण मे यातायात प्रभारी अमरेश कुमार मय टीम द्वारा वाहनो पर रिफ्लेक्टर टेप लगाया गया जिससे कुहरे में वाहनो की दृश्यता स्पष्ट हो और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सके एव यातायात माह के तहत हाईडिल तिराहा, सिद्धार्थ तिराहा, पेट्रोल पम्प तिराहा, स्वामी विवेकानंद चौक से सनई चौराहा, साड़ी तिराहा, आदि स्थानों पर पीए सिस्टम से आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया एव सड़को पर अवैध अतिक्रमण को हटवाया गया तथा वाहन चेकिंग के दौरान दो पहिया पर तीन सवारी/ बिना हेलमेट वाहन चलाना, चार पहिया वाहनों मे सीट बेल्ट का प्रयोग न करना सड़कों के किनारे अवैध रूप से खड़े-खड़े वाहनों जिसे दुर्घटना के प्रबल संभावना/ उनका M.V. Act के तहत कुल 115 वाहनो का चालान करते हुए 125500 रूपये शमन शुल्क की कार्यवाही की गयी तथा प्रत्येक दशा मे यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे होने वाली सड़क दुर्घटनाओ की संख्या मे भारी कमी लायी जा सके।**

**प्रेस नोट दिनांक 19-11-2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆जनपद सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा सुरक्षा एवं सतर्कता को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पैदल गश्त कर आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया।**

**पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में सुरक्षा एवं एवं सतर्कता को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु आज दिनांक 19.11.2025 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन मे जनपद के क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त एवं गहन चेकिंग किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।**